# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


## PM मोदी ने लॉन्च की रोजाना 1.25 लाख मुनाफा देने वाली स्कीम ? सरकार ने बताया फेक, जानिए पूरा सच।

Publisher

Published on 08 Jul 2025




## सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा पीएम मोदी का AI से बना फर्जी वीडियो, PIB ने जारी किया फैक्ट चेक।

**Fact Check On Investment Scheme:** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक इन्वेस्टमेटं स्कीम का प्रचार** करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में दावा किया गया है कि **21 हजार रुपये के निवेश** पर **रोजाना 1.25 लाख रुपये** की कमाई होगी। लेकिन सरकार ने इस वीडियो को फेक बताते हुए इससे बचने की चेतावनी दी है।

**क्या है वायरल वीडियो मे ?**

वायरल हो रहे वीडियो में पीएम मोदी को यह कहते हुए दिखाया गया है कि सरकार ने **एक गारंटीड इन्वेस्टमेटं प्लान लॉन्च** किया है। इसमें दावा किया गया है कि कोई भी व्यक्ति मात्र **21 हजार रुपये निवेश** करके हर दिन **1.25 लाख रुपये** कमा सकता है। वीडियो में आगे कहा गया है कि इस योजना के लिए किसी विशेष योग्यता या जानकारी की आवश्यकता नहीं है, केवल एक लिंक पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन करना होगा।

**PIB का फैक्ट चेक : वीडियो पूरी तरह फर्जी**

**भारत सरकार की फैक्ट चेक एजेसी PIB Fact Check** ने इस वीडियो को फर्जी बताया है। PIB ने कहा है कि यह वीडियो डिजिटल रूप से **मैनिपुलेट** किया गया है और इसमें जो आवाज सुनाई दे रही है वह भी नकली है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि

ऐसी कोई स्कीम शुरू नहीं की गई है और आम जनता को इस तरह के झूठे दावों से सतर्क रहना चाहिए।

## AI से बन रहे फर्जी वीडियो से रहे संतर्क

यह पहली बार नहीं है जब किसी नेता या संस्था के नाम पर **Deepfake** वीडियो बनाकर लोगों को ठगने की कोशिश की गई हो। **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** की मदद से असली जैसा दिखने वाला फेक कंटेंट बनाया जा रहा है ताकि लोगों का भरोसा जीतकर उन्हें स्कैम में फंसाया जा सके।

## एसबीआई और अन्य संस्थानों ने भी दी थी चेतावनी

मई 2025 में **स्टेट बैकं ऑफ इंडिया (SBI)** ने भी **Deepfake** वीडियो को लेकर अपने ग्राहकों को सतर्क किया था। बैंक ने कहा था कि किसी भी इन्वेस्टमेंट स्कीम में पैसा लगाने से पहले उसके स्रोत की **विश्वसनीयता** की जांच जरूर करें और बिना पुष्टि के किसी ऑफर पर विश्वास न करें।

## सरकार की अपील

**सरकार और विभिन्न संस्थानों** ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी **इन्वेस्टमेटं योजना** की जांच किए बिना उस पर भरोसा न करें। अगर किसी स्कीम से जुड़ा वीडियो या विज्ञापन बहुत ज्यादा आकर्षक दावा करता है, तो उसकी सच्चाई की पड़ताल जरूर करें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.